दिन– बुधवार | दिनांक– 07/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू आज पटना उच्च न्यायालय के सैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

02. प्रदेश के अधिकतर हिस्से में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक विभिन्न भागों में शीतदिवस का अलर्ट जारी किया।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं मुख्य परीक्षा के साक्षात्कार के लिए तिथि की घोषणा की। इक्कीस जनवरी से अट्ठाईस फरवरी तक होगा साक्षात्कार।

04. और, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों के चयन के लिए दस जनवरी से पंद्रह जनवरी तक किया जाएगा ट्रायल का आयोजन।

**समाचार विस्तार से.........**

---

न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू आज पटना उच्च न्यायालय के सैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां पटना स्थित राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति साहू के नाम की अनुशंसा पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से की थी।

---

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान –निफ्ट में दो हजार छब्बीस–सताईस सत्र में फैशन डिजाइन प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। वस्त्र मंत्रालय ने सूचना में कहा है कि अभ्यर्थी अब तेरह जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कम शुल्क का लाभ और अधिक उम्मीदवारों को मिल सके, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने पिछले महीने सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शुल्क तीन हजार रुपये से घटाकर दो हजार रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और विकलांग

उम्मीदवारों के लिए डेढ़ हजार रुपये से घटाकर पांच सौ रुपये करने की घोषणा की थी। चौदह से सोलह जनवरी के बीच विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी– एनटीए आठ फरवरी को देश भर के एक सौ दो शहरों में प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगी।

————————————————————————

नीति आयोग ने चालू वित्त वर्ष की कारोबार संबंधी तिमाही रिपोर्ट– ट्रेड वाच का पांचवां संस्करण जारी कर दिया है। इसमें भारत के व्यापारिक परिदृश्य में हो रहे बदलावों को प्रकाशित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब निर्यात में तकनीक की भूमिका बढ़ रही और सेवा क्षेत्र में विस्तार जारी है। आयात का समीकरण भी बदला है जिससे पता चलता है कि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से अधिक गहराई से जुड़ रहा है।

————————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि दो जनवरी तक छह सौ चौंतीस लाख हेक्टेयर भूमि में रबी फसल की बुआई हो चुकी है। यह पिछले वर्ष की तुलना में सोलह लाख हेक्टेयर अधिक है। गेहूं की बुआई तीन सौ बारह लाख हेक्टेयर क्षेत्र में और धान की रोपाई बयालीस लाख हेक्टेयर में हुई है। दलहन की बुआई एक सौ चालीस लाख हेक्टेयर में हुई है जो पिछले वर्ष के मुकाबले दस लाख हेक्टेयर अधिक है। श्रीअन्न और मोटे अनाज की बुआई पचपन लाख हेक्टेयर और तिलहन की बुआई छियासी लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में की गई है।

————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि सभी जिलों में यूरिया, डीएपी सहित सभी उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और इसकी आपूर्ति में अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जााएगा।

———बाइट———

————————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए का महानिरीक्षक बनाया गया है। श्री कुमार दो हजार चार बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने उन्हें विरमीत करने का आदेश जारी कर दिया है। उनके प्रतिनियुक्ति के लिए विरमीत करने से संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के विभिन्न भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुयी है। वहीं, राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ है। इधर, तेज सर्द हवा के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। पटना, भागलपुर, गयाजी, नालंदा, सीवान और समस्तीपुर सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट की संभावना जताई है। साथ ही विभिन्न भागों में शीतदिवस को लेकर अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

इधर, घने कुहासे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात भी बाधित हुआ है। पटना–दिल्ली के बीच एक जोड़ी विमान समेत कई विमान रद्द कर दिये गये और कई उड़ानों को रिशिड्यूल किया गया है। वहीं, तेजस राजधानी सहित कई ट्रेने घंटों विलम्ब से चल रही हैं।

———————————————————————

अत्यधिक ठंड और कुहासे के मद्देनजर सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में कक्षा बारह तक पठन–पाठन आठ जनवरी तक स्थगित रखने के आदेश दिये हैं।

———————————————————————

प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली रोगाणुरोधी प्रतिरोध में कमी की समस्या के प्रति आगाह किया है। गौरतलब है कि 'मन की बात' कार्यक्रम के पिछले एपीसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से चिकित्सकों की उचित सलाह से ही एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आग्रह किया था। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में वर्धमान महावीर चिकित्सा महाविद्यालय और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि यह मुद्दा गंभीर हो गया है कि स्वयं प्रधानमंत्री ने लोगों को एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग के प्रति आगाह किया है।

---बाइट---

यदि हम एंटीबायोटिक्स को जब उनका प्रयोग नहीं करना चाहिए जैसे वायरल इंफेक्शन्स में या हम उनको गलत ढंग से प्रयोग करें डॉक्टरी सलाह के बिना यह सब कारण होते हैं, के एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस हो जाती है, तो डॉक्टर की सलाह से एंटीबायोटिक दवाई ले और अपने आप इस प्रकार की दावाओं का उपयोग न करें।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं मुख्य परीक्षा के साक्षात्कार के लिए तिथि की घोषणा कर दी है। आयोग की अधिसूचना के अनुसार इक्कीस जनवरी से अट्ठाईस फरवरी तक पटना स्थित आयोग के कार्यालय में मुख्य परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में तीन हजार एक सौ अड़सठ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। प्रत्येक दिन छियानवे उम्मीदवारों का साक्षात्कार दो पालियों में लिया जाएगा।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने खान और भूतत्व विभाग के अंतर्गत खनिज विकास पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में तीस उम्मीदवार सफल हुए हैं। बीपीएससी ने पॉलिटेक्निक संस्थानों में व्याख्यताओं की नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया है।

---

इधर, बिहार लोक सेवा आयोग ने खेल सेवा संवर्ग के तहत जिला खेल पदाधिकारियों, सहायक निदेशकों और शारीरिक शिक्षा महाविद्यालयों के व्याख्यातओं की नियुक्ति के लिए भी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा उनतीस और तीस जनवरी को आयोजित की जाएगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सत्रह फरवरी से होने वाली मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दो हजार छब्बीस के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। परीक्षा में पंद्रह लाख बारह हजार नौ सौ तिरेसठ अभ्यर्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एडमिट कार्ड केवल स्कूल प्रशासन की ओर से ही डाउनलोड किये जा सकते हैं। इसके लिए स्कूल प्रमुख बोर्ड की आधिकारिक परीक्षा बेवसाइट का उपयोग कर सकते हैं। वहीं, प्रायोगिक परीक्षा बीस से बाईस जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे।

———————————————————————————

और अब खेल की खबरें...

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए बिहार के खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन ट्रायल दस जनवरी से पंद्रह जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह प्रतियोगिता आगामी चौदह फरवरी से छत्तीसगढ़ में आयोजित होगी।

———बाइट———

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी के पास अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र और बिहार का डोमिसाइल प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

———————————————————————————

बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बिहार रूरल लीग के लिए चयन प्रक्रिया जारी है। मधुबनी में आठ जनवरी तक होगा खिलाड़ियों का चयन।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने वैशाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रघवापुर में छापेमारी कर राजस्व कर्मचारी राजेश रौशन को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी जमीन की दाखिल–खारिज और परिमार्जन के लिए रुपये ले रहा था। निगरानी डीएसपी अखिलेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई महमदपुर गांव निवासी विनय कुमार सिंह की शिकायत के सत्यापन के बाद की गयी है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के सहायक थाना के मालखाना से अनुज्ञप्तिधारी का पिस्टल गायब होने के मामले में पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में जांच के क्रम में जो भी अधिकारी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध विधि सम्मत कारवाई की जाएगी। गौरतलब है

कि विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के निर्देश पर अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा सहायक थाने में पिस्टल जमा कराया गया था। लेकिन जब अनुज्ञप्तिधारी थाने में पिस्टल वापस लेने पहुंचे तो पिस्टल गायब पाया गया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सुप्रीम कोर्ट का आदेश – आरक्षण का लाभ लिया तो सामान्य सीट का लाभ नहीं। **दैनिक भास्कर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – खरमास बाद यात्रा पर निकलेंगे नीतीश। **प्रभात खबर** लिखता है – पचास साल बाद गंगा नहाने लायक। अखबार लिखता है – बीते पांच वर्षों में बिहार में गंगा के प्रदूषण में लगभग पंचानवे प्रतिशत की कमी आई। **दैनिक जागरण** ने विजय हजारे ट्रॉफी बिहार की शानदार खिताबी जीत पर शीर्षक दिया है – शब्बीर के दम पर मणिपुर को हरा, प्लेट ग्रुप में जीती विजय हजारे ट्रॉफी। **आज** अखबार का शीर्षक है – तेजस्वी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई से मांगा जबाव।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू आज पटना उच्च न्यायालय के सैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

02. प्रदेश के अधिकतर हिस्से में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक विभिन्न भागों में शीतदिवस का अलर्ट जारी किया।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं मुख्य परीक्षा के साक्षात्कार के लिए तिथि की घोषणा की। इक्कीस जनवरी से अट्ठाईस फरवरी तक होगा साक्षात्कार।

04. और, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों के चयन के लिए दस जनवरी से पंद्रह जनवरी तक किया जाएगा ट्रायल का आयोजन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।